FORM III

फर्द अहकाम

(नियम – 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, मुकाम नीमकाथाना (राज.)

जुगलकिशोर बनाम भूमिधारी

किस्म मुकदमा प्रार्थना पत्र बाबत पत्थरगढी मु0नं0 187 सन् 2025 जीसीएमएस नं. 2025/300

तारीख हुक्म	हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
01-05-2025	रिपोर्ट सरिश्ता होकर पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता श्री विरेन्द्र सिंह शेखावत उपस्थित। प्रार्थना पत्र बाबत पत्थरगढ़ी दर्ज रजिस्टर किया जावे। अप्रार्थी तलबी जरिये सम्मन की जाकर पत्रावली दिनांक 16.05.2025 को पेश हो।	
	पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक संघ आज अदालती कार्य का स्थगन कर रखा है। पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 16/7/25 को पेश हो।	
16/7	पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक संघ आज अदालती कार्य का स्थगन कर रखा है। पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 23/9/25 को पेश हो।	
06/08/2025	वकील प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र बाबत शीघ्र सुनवाई पेश करने पर पत्रावली नियत तारीख पेशी से पूर्व आज पेश हुई। अप्रार्थी की तामील पूर्व में सम्यक रूप से होना पायी गयी। बावजूद सम्यक तामील अनुपस्थित। अतः अप्रार्थी के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रकरण में बहस वकील प्रार्थी सुनी गयी। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने निवेदन किया कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि का तहसीलदार के आदेशानुसार सीमाज्ञान दिनांक 26.06.2024 को करवा लिया हैं। अब प्रार्थी अपनी भूमि की चिन्हित सीमाओं के अनुसार पत्थरगढी करना चाहता है। प्रार्थना पत्र बाबत पत्थरगढी मुताबिक अनुतोष [illegible] करवाने का निवेदन किया। पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध [illegible] रिकार्ड एवं सीमाज्ञान दिनांकित 26.06.2024 का अवलोकन किया गया एवं वकील प्रार्थी की बहस पर सगौर मनन किया गया। चूंकि प्रार्थी सीमाज्ञान दिनांकित 26.06.2024 के मुताबिक अपनी खातेदारी भूमि की पत्थरगढी करवाना चाहते हैं। अतः प्रार्थना पत्र बाबत पत्थरगढी	

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajveer Singh Yadav
Date: 2025.08.28 12:30:57 IST
Reason: SelfAttested

स्वीकार किया जाने योग्य पाया जाने पर न्यायहित में स्वीकार किया जाकर पत्रावली में आदेश इस आशय का जारी किया जाता हैं कि :–

आदेश

तहसीलदार नीमकाथाना तन ग्राम भूदोली पटवार हल्का भूदोली तहसील नीमकाथाना अवस्थित ख.नं. 382 रकबा 0.76 है0 में प्रार्थी तथा पड़ौसी खातेदारान को सूचित कर उनकी उपस्थिति में बाद सम्यक संतुष्टि सीमाज्ञान मुताबिक सीमाज्ञान दिनांकित 26.06.2024 पत्थरगढी की जावे तथा कृषि भूमि का एल.आर.एक्ट 1956 की धारा 128, 111 मे वर्णित प्रक्रिया का पालन करते हुए पत्थरगढ़ी करवाकर विवाद का निस्तारण करे। दौराने पत्थरगढ़ी किसी प्रकार का कब्जा दिलवाने अथवा बेदखली की कार्यवाही नहीं की जावें। तहसीलदार नीमकाथाना को निर्णय की पालनार्थ तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। यह निर्णय आज दिनांक 06.08. 2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified

(राजवीर सिंह ...)

Digitally signed by Rajveer Singh Yadav
Date: 2025.08.28 12:30:57 IST
Reason: SelfAttested